महत्वपूर्ण एवं खास

रायगढ़ के सभी डाकघरों से खरीद सकते है तिरंगा झंडा

रायगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा मनाया जा रहा है। भारतीय डाक विभाग देश भर में अपनी पहुंच और जनशक्ति का उपयोग करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने देशभर के डाकघरों से झंडा का बिक्री किया जाएगा। इसके साथ ही नागरिक विभाग की ई-पोस्ट ऑफिस के साईट के माध्यम से भी झंडा ऑनलाइन खरीद सकते हैं। रायगढ़ के सभी डाकघरों में मात्र 25 रूपये की दर से तिरंगा बिक्री किया जा रहा है।

जिले में 571.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 6 अगस्त तक 571.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 23.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 744.4 मिली मीटर, पुसौर में 670, खरसिया में 514, घरघोड़ा में 533.2, तमनार में 532.5, लैलूंगा में 488.2, मुकडेगा में 549.8, धरमजयगढ़ में 452.4 छाल में 563.9 एवं कापू में 663 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं के रिक्त पद हेतु 21 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा जिला-रायगढ़ अंतर्गत मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 08 रिक्त पद एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 06 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन कार्यालयीयन 21 अगस्त 2024 तक सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा जिला-रायगढ़ में सीधे जमा अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा सकते है। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उस पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु परियोजना कार्यालय लैलूंगा के सूचना पटल पर पद का नाम, केन्द्र का नाम तथा आवेदन पत्र हेतु अर्हताएं का अवलोकन कर सकते है। सभी आवेदनकर्ता अपना आवेदन भली भांति पढ़कर समस्त वांछित दस्तावेज सहित जमा करेंगे। दावा आपत्ति के समय अन्य नवीन दस्तावेज स्वीकार नही होंगे। सूची ग्राम पंचायत के सूचना पटल में चस्पा कर दिया गया है।

पोस्ट आफिस के पास सट्टा-पट्टी लिख रहे सटोरिए को पुलिस ने पकड़ा, आरोपी से नकद रु.4,250 और सट्टा पर्ची जब्त

रायगढ़। दिनांक 05/08/2024 के शाम नगर निरीक्षक सुखनंद पटेल को मुखबीर से मेन पोस्ट ऑफिस रायगढ़ के पास एक व्यक्ति द्वारा सट्टा-पट्टी लिखने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा गस्ती प्रधान आरक्षक विक्रम चौरसिया और आरक्षक हेतराम सिदार को टाऊन पेट्रोलिंग के साथ जाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मौके पर रेड कार्रवाई कर सट्टा पट्टी लिखने वाले व्यक्ति को पकड़ा गया जिसने अपना नाम कादीर खान पिता शेक रहीम खान उम्र 52 वर्ष साकिन चांदमारी भवानी शंकर मंदिर के पास रायगढ़ का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से 05 सट्टा पट्टी, एक डॉटपेन, एक लाईनदार कापी, नकदी रकम 4,250/- रूपये की जप्ती पुलिस टीम द्वारा गवाहों के समक्ष की गई है। आरोपी पर थाना कोतवाली में धारा 06 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया है।

अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले पर खरसिया पुलिस ने की कार्यवाई

7 लीटर महुआ शराब और अवैध शराब बनाने के बर्तन जब्त

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर अवैध शराब पर अंकुश लगाने के क्रम में आज दिनांक 06/08/24 को थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम मुखबीर सूचना पर ग्राम छोटे डूमरपाली में नहर किनारे शराब रेड कार्यवाही कर आरोपित संजय कुमार डनसेना पिता चुम्मन लाल उम्र 24 वर्ष निवासी छोटे डूमरपाली को अवैध शराब भट्टी लगाकर शराब का निर्माण करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक 5 लीटर क्षमता प्लास्टिक जरीकेन में 04 लीटर महुआ शराब तथा एक 15 लीटर वाली प्लास्टिक डिब्बा में भरा 03 लीटर जुमला 07 लीटर महुआ शराब व शराब निर्माण में इस्तेमाल दो नग सिल्वर बर्तन मॉडिफाई किया हुआ जप्त किया गया है। आरोपी संजय कुमार डनसेना के खिलाफ थाना खरसिया में धारा 34(2),59 (क)आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जिले के 250 संकूलों में आयोजित हुआ पालक-शिक्षक बैठक कार्यक्रम, शिक्षक, पालक एवं जनप्रतिनिधि हुए शामिल

- पालक-शिक्षक के संवाद बच्चें के सर्वांगीण विकास में निभाएगी अहम भूमिका- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- पीएमश्री नटवर स्कूल में आयोजित पीटीएम कार्यक्रम, छात्र हितों पर हुई विस्तार से चर्चा

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल आज शहर के पीएमश्री नटवर स्कूल में आयोजित मेगा पालक-शिक्षक बैठक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों से प्रदेश में लागू नई शिक्षा नीति की जानकारी दी और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि शासकीय स्कूलों में पालक शिक्षक बैठक कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से पालकों एवं शिक्षकों का संवाद बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएगा। पालक शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य है पढ़ाई-लिखाई और स्कूली गतिविधियों में शिक्षकों के साथ पालकों की सहभागिता हो। उन्होंने बताया कि आज स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत सी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों के शिक्षकों से सतत् संपर्क में रहें। इससे बच्चे के पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी मिलेगी ही साथ ही आपकी सहभागिता से बच्चे सही दिशा की ओर अग्रसर होंगे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि पालकों को बच्चों के भविष्य के प्रति जो जिज्ञासा होती है वह पालक और शिक्षक मीटिंग के संवाद के माध्यम से जानकारी हो सकेगा। यह शैक्षणिक सत्र में चार बार होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षक पेरेंट्स का रूप होता है। शिक्षकों और पालकों दोनों की सांझा जोड़ी के माध्यम से बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में हेल्प करेगी। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता की यही आशा रहती हैं की उसका बच्चा सबसे अवल्ल रहे। इसके लिए बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को खोजना हर पालक की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि सबका बच्चा यूनिक होता है। पढ़ाई के साथ उसके मन में किया रूचि हैं उस बात पर आपको ध्यान देना होगा। इसके लिए आपका बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा हैं उसका फीडबैक लेते रहे। साथ ही बच्चे के अच्छे भविष्य के लिए पालक और शिक्षक को आपस में संवाद रखना होगा।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, सुरेश गोयल, ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, प्रवीण द्विवेदी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर, प्राचार्या रूबी वर्गिस सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में बच्चों के पालक उपस्थित रहे।

बच्चों के रूचि व रूझान को समझें, न बनायें अनावश्यक दबाव- कलेक्टर गोयल ने कहा कि आपका बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा है और जो शिक्षक पढ़ा रहे है वह बेस्ट है। बच्चों को अच्छी परवरिश के साथ एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने कि जिम्मेदारी एक माता-पिता और शिक्षकों की होती है। लेकिन जरूरी नहीं कि आपका बच्चा केवल सरकारी नौकरी करेगा, वह पढ़ाई करके एक अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर, उद्योगपति या एक अच्छा कारीगर भी बन सकता है। इसके लिए आपके बच्चे के मन में किस तरह का रूचि व रुझान है, उसको समझें न की उसके ऊपर किसी प्रकार का अनावश्यक दबाव बनाएं। उन्होंने कहा कि मीटिंग के माध्यम से पैरेंट अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अपना सुझाव भी दे सकते है।

जिले के 250 संकूलों में आयोजित हुआ पालक-शिक्षक बैठक- वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन जिले के 7 विकासखण्ड के 250 संकुलों में किया गया। शिक्षक-पालक मेगा बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधानात्मक कारक उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है। शिक्षक-पालक मेगा बैठक के दौरान 12 बिंदुओं पर छात्र हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं, शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये संचालित योजनाओं, अध्ययन-अध्यापन में आने वाली समस्याओं, सुचारू अध्यापन, ड्रॉपआउट या लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों की शाला में उपस्थित कराना, बेहतर परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा की गई।

पैरालीगल वालिंटियर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़

प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में समस्त थानों, लीगल एड क्लिनिक तथा सखी वन स्टॉप सेन्टर में कार्यरत पैरालीगल वालिंटियर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कैलेंडर 2024 के तहत 5 अगस्त को जिला न्यायालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नालसा व सालसा द्वारा संचालित योजनाएं, वरिष्ठजनों के अधिकार, प्रयास अभियान, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण अधिनियम, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, नि:शुल्क विधिक सहायता व कानूनी अधिकारों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा आगामी नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। पैरालीगल को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिवस विभिन्न स्थानों में जाकर एक-एक शिविर करें तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। साथ ही परीक्षण में सम्मिलित समस्त पीएलव्ही को उनके कार्यो की दैनदंनी रजिस्टर को उचित रूप से संधारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पीएलव्ही के द्वारा उनके कार्यों के संबंध में आने वाली विभिन्न समस्याओं के विषय में प्रधान जिला न्यायाधीश को अवगत कराये जाने पर उनके द्वारा सभी समस्याओं का समाधानप्रद एवं संतोषजनक सुझाव दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ से सचिव अंकिता मुदलियार की भी सहभागिता रही।

वन्यप्राणी हाथी को पत्थर से भगाने की घटना पर वन विभाग की हुई बैठक

रायगढ़

3 अगस्त 2024 को सुबह लगभग 6 बजे ग्राम दुलियामुड़ा के राजस्व क्षेत्र से विचरण करते हुये एक नग वन्यप्राणी हाथी कोयलार जंगल मुख्य सड़क मार्ग (खरसिया से धरमजयगढ़) को पार कर रहा था, जिसे दुलियामुड़ा गांव के पास कुछ लोगों द्वारा वन्यप्राणी हाथी को पत्थर से भगाने की कोशिश करते हुये वीडियो वायरल हुआ था। इस संबंध में आज ग्राम दुलियामुड़ा जाकर सरपंच, पंच, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं अन्य ग्रामीण जनों की वन विभाग के द्वारा बैठक लिया गया।

वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़, वनमंडल ने घटना के संबंध में जानकारी दी और वन्यप्राणी हाथी की सुरक्षा हेतु समझाया। घटना कारित व्यक्ति नाबालिग स्कूली बच्चे है, उनके माता-पिता एवं ग्रामीण जनों के समक्ष बच्चों को वन्यप्राणी की सुरक्षा हेतु समझाया गया तथा इस प्रकार की घटना न हो, इसके संबंध में समझाईस दिया गया। बैठक में उपस्थित वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं सरपंच, पंच, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं अन्य ग्रामीण जनों के समक्ष नाबालिग स्कूली बच्चे द्वारा माफी मांगी गई तथा भविष्य में इस प्रकार की घटना नहीं करेंगें, इसके संबंध में उनके द्वारा शपथ लिया गया।

इसके साथ ही वन्यप्राणी हाथी व्यवहार एवं सुरक्षा संबंधित पाम्पलेट तथा हाथी सहायता केन्द्र धरमजयगढ़ के मोबाईल नम्बर के बारे में बताया गया। धरमजयगढ़ वनमंडल हाथी प्रभावित क्षेत्र है और विभाग द्वारा नियमित रुप से विभागीय कर्मचारी, कोटवार, ग्रामीण स्तर पर बने वाट्सअप ग्रुप, हाथी मित्रदल द्वारा वन्य प्राणी जंगली हाथियों की गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को सूचना देकर सचेत किया जा रहा है। ताकि किसी भी प्रकार की हाथी मानव द्वंद की घटना कारित न हो।

जनदर्शन में पहुंच कलेक्टर गोयल को जनसामान्य ने बताई समस्या, मांग व शिकायत संबंधी दिए आवेदन : कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

रायगढ़

जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रारंभ जनदर्शन में आज जिले भर से लोग पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल से अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन सौंपे। जिस पर कलेक्टर गोयल ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का जनदर्शन में ही निराकरण कर अवगत करवाने के साथ ही शेष आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

घरघोड़ा निवासी शांति बाई शर्मा बैटरी चलित ट्रायसाइकल की मांग लेकर जनदर्शन में पहुची थी। उन्होंने कलेक्टर गोयल से कहा कि उनकी उम्र 55 वर्ष है एवं दोनो पैरों से पूर्णत: दिव्यांग है, जिससे चलने-फिरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान करने का आग्रह किया। इसी प्रकार रायगढ़ किरोड़ीमल नगर निवासी रामाशिश मेहता ने बताया कि वे भी दिव्यांग है एवं आस-पास ट्यूशन पढ़ा कर जीवन-यापन कर रहे है। दिव्यांगता का प्रतिशत कम होने के कारण उन्हें हस्त चलित ट्रायसायकल मिला है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से बैटरी चलित सायकल प्रदान करने का निवेदन किया। उक्त दोनों आवेदनों पर कलेक्टर गोयल ने समाज कल्याण विभाग को विधिवत निराकरण के निर्देश दिए। पंजरी प्लांट रायगढ़ निवासी प्रेम सिंह राजपूत नाली पर हुए कब्जे हटाने की मांग लेकर जनदर्शन में पहुचे थे। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 28 ऑडिटोरियम के सामने नाली को पाटकर कब्जा किया गया है। जिससे नाली का पानी सड़क पर आ रहा है। जिससे वहां डेंगू का खतरा बना हुआ है। उन्होंने उक्त कब्जा को हटवाने का आग्रह किया। इसी प्रकार बालसंमुद रायगढ़ निवासी सुखदेव चौहान राशन कार्ड बनवाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वह दिव्यांग है एवं उनके पास जीवन यापन का कोई साधन नहीं है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से राशन कार्ड बनवाने का निवेदन किया। कलेक्टर गोयल ने आवेदन पर आयुक्त नगर निगम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

विकास खंड घरघोड़ा के ग्राम पंचायत बगचबा के ग्रामीणों ने सीसी रोड़ के गलत मापदंड एवं गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में सीसी रोड स्वीकृत हुआ है जिसका निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें निर्धारित मापदंड का पालन नहीं करने के साथ ही गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने निर्धारित मापदंड अनुसार निर्माण एवं गलत तरीके से निर्माण पर उचित कार्यवाही की मांग की। आवेदन पर कलेक्टर गोयल जनपद सीईओ घरघोड़ा को अभिमत सहित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उच्चभिट्ठी निवासी सुनीता देवी पीएम आवास की मांग लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, उनके पास स्वयं का जमीन है, जिसमें पीएमआवास के तहत घर बनवाना चाहती है। उन्होंने योजना का लाभ प्रदान करने का निवेदन किया। आवेदन पर कलेक्टर गोयल ने आयुक्त नगर निगम को पात्रता परीक्षण कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार महापल्ली निवासी अमृता सूपकार महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदान करने की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह अंत्योदय कार्डधारी गरीब महिला है। उन्होंने महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदान करने का आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने डीपीओ महिला बाल विकास को आवेदन पर उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

रैरूमाखुर्द पुलिस ने चलित थाना में दी ग्रामीणों को समझाइश

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर आज पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द द्वारा ग्राम बाकारूमा में चलित थाना लगाया गया जिसमें गांव के सरपंच, पंच, कोटवार तथा ग्रामीण मौजूद रहे। चलित थाना में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मनीष कांत द्वारा रहवासियों को वर्तमान में घटित होने वाले साइबर फ्रॉड, सोना-चांदी चमकाने वाले के नाम पर ठगी करने वाले, संदिग्ध फेरी वालों के द्वारा रैकी कर चोरी/लूट की कारित करने वाले अपराध के बारे में जानकारी देकर इस प्रकार के होने वाले अपराधों के रोकथाम के उपाय बताया गया। चौकी प्रभारी ने बरसात के समय जमीन पर सोने से बचने की जानकारी दी जिससे सांप बिच्छू का खतरा होता है। चौकी प्रभारी द्वारा क्षेत्र में मवेशी तस्करी की सूचना पुलिस को देने की बात कही। साथ ही गांव में अवैध शराब, जुआ, सट्टा या अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने की समझाइश भी दी गई। ग्रामीणों के साथ चलित थाना में चौकी प्रभारी एसआई मनीष कांत के साथ प्रधान आरक्षक लक्ष्मी कैवर्त, चिंतामणी कुर्रे व चौकी स्टाफ मौजूद रहे।

केसीसी प्रकरण बनाने एवं स्वीकृति कार्य में लाए प्रगति- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- विभिन्न शिकायत पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण करें निराकरण
- कलेक्टर गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए केसीसी निर्माण की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग को केसीसी प्रकरणों के धीमी कार्य गति पर नाराजगी जताते हुए, विभागीय अमले से प्रकरण बनवाने एवं बैंक से आवश्यक फॉलोअप लेने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपेक्स बैंक द्वारा कम प्रकरण स्वीकृति पर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम एवं ब्लड बैंक में स्थिति के संबंध में जानकारी लेने पर सीएमएचओ ने बताया कि लगातार सर्वे एवं सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है, इसके साथ ही टीम को पुलिस बल का सहयोग प्राप्त होने से कार्य आसान हो गया है। डेंगू लार्वा पाए जाने पर तत्काल टेमीफॉस का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध है। कलेक्टर गोयल ने बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त विभागीय कार्यवाही के संबंध में निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने विकास खंड में मौजूद यूथ सेंटर को युवाओं के प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुन: एक्टिवेट करने के निर्देश दिए, ताकि युवाओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

कलेक्टर गोयल ने ई-डिस्ट्रिक्ट में प्रदत सेवाओं के प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए लोक सेवा केंद्र एवं चॉइस सेंटर से प्राप्त आवेदनों की एंट्री करने करवाने तथा प्रति सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए है। नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कार्यवाही की जानकारी ली। आयुक्त नगर निगम को एवं संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग से बांधों के जल भराव और जल निकासी के संबंध में जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने बताया कि जल निकासी के साथ ही जल स्तर नियंत्रित है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि वर्तमान में स्थिति बेहतर है, इसके साथ ही उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों में निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को ट्राइबल एवं नगरीय क्षेत्रों के आवासीय विद्यालय, छात्रावासों और अग्निवीर ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण कर डेंगू से बचाव हेतु आवश्यक साफ -सफाई एवं जल जमाव वाले स्थानों में निकासी व्यवस्था के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत महतारी वंदन के हितग्राहियों को पौधे वितरण की जानकारी लेते हुए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन जैसे विभिन्न शिकायत पोर्टल की समीक्षा करते हुए विभागों के लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, डीएसपी अखिलेश कौशिक सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रयास विद्यालय के लिए सभी तैयारियां पूर्ण, कक्षा 9वीं के लिए 125 सीट स्वीकृत- कलेक्टर गोयल ने प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कक्षा नवमी हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय लाईवलीवुड कॉलेज गढ़उमरियां में किया जाना है। जिसके संचालन हेतु बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के सफल संचालन हेतु प्रशासकीय अधिकारी सह प्राचार्य, अधीक्षक, अन्य लिपिक वर्ग एवं भृत्यों को कार्य करने के लिए आदेशित किया गया हैं। प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्यापन एवं कोचिंग कार्य के लिए राज्य स्तर से चौखम्भा सोसाइटी को अनुबंधित कर उच्च स्तरीय शिक्षक उपलब्ध कराये जायेंगे। विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2024-25 कक्षा नवमी हेतु 125 सीट स्वीकृत हुए है, जिसमें प्रवेश हेतु काउसलिंग की प्रक्रिया राज्य से की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480